# खड़ी बस में पीछे से घुसा ट्रक, एक यात्री की मौत

**15 घायलों का उपचार जारी**
**एनएच 44 में हुआ हादसा**





**सिवनी नवभारत। जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रविवार सुबह सिरमंगनी गांव के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। भोपाल से मंडला जा रही एक यात्री बस सड़क किनारे खड़ी थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी।**

हादसे में एक यात्री देवेंद्र पटेल उम्र 40 निवासी ग्राम कहानी की मौत हो गई, लगभग 15 यात्री घायल हो गए। इनमें से 5 लोगो को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है, जबकि अन्य यात्रियों को कम चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही लखनादौन थाना पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लखनादौन पहुंचाया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस कुछ समय के लिए सड़क किनारे रुकी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और सीधे बस के पिछले हिस्से से जा टकराया। टक्कर के कारण बस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि ट्रक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया। हादसे के बाद कुछ समय तक राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने वाहनों को हटवाकर सुचारु कराया।

### हादसे में यह हुए घायल

रघुवीर साहू पिता भुन्नीलाल साहू उम्र 50 वर्ष, विद्या साहू पति रघुवीर साहू उम्र 42 वर्ष, देवलाल पिता चेतराम झारिया उम्र 50 वर्ष, रतन लाल पिता रूपसिंह साहू उम्र 60 वर्ष, दिगलो बाई पति हेमंत कुमार यादव उम्र 50 वर्ष, अनिता पति अरविंद सिंह राजपूत उम्र 34 वर्ष, सुखवती पति नेतराम मेहरा उम्र 85 वर्ष, लता राजपूत पति सतेंद्र राजपूत उम्र 34 वर्ष, अरविंद राजपूत पिता दर्शन राजपूत उम्र 35 वर्ष, संदीप पिता कृष्ण रमन यादव उम्र 46 वर्ष, नेम सिंह पिता दशरत लाल मरकाम उम्र 50 वर्ष, दुम्मा पिता बारेलाल भारती उम्र 45 वर्ष, राजकुमार पिता जयसिंग पन्द्रे उम्र 34 वर्ष, बदराइन पति शंकर तेकाम उम्र 60 वर्ष, आनंद बाई पति सरकार सिंह ठाकुर उम्र 50 वर्ष, अभय पिता सरजू प्रसाद नामदेव उम्र 25 वर्ष, कुंवर सिंह मरकाम पिता बाबूलाल मरकाम उम्र 37 वर्ष है।

# 80 हजार की पुलिया एक माह में भी अधूरी



**कान्हीवाड़ा नवभारत।** सिवनी जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा इन दिनों भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और प्रशासनिक लापरवाही का अड्डा बनी हुई है। पंचायत में स्थाई सचिव न होने के कारण विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और समय सीमा पर कोई भी काम पूरा नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के जिम्मेदार पीसीओ और सरपंच की हिटलरशाही के चलते आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मामला कान्हीवाड़ा से मटियाटोला मार्ग का है, जहाँ मात्र 80 हजार रुपये की लागत से एक छोटी पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। आश्चर्य और चिंता की बात यह है कि एक महीना बीत जाने के बाद भी यह पुलिया बनकर तैयार नहीं हो सकी है। निर्माण कार्य की धीमी गति और घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

पुलिया निर्माण अधूरा होने के कारण कान्हीवाड़ा-मटियाटोला मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। पंचायत प्रशासन की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि उन्होंने आवागमन के लिए कोई

प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर या लंबा चक्कर काटकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। रोजमर्रा के काम के लिए निकलने वाले ग्रामीणों और किसानों का संपर्क पूरी तरह कट सा गया है। पंचायत की इस मनमानी और तानाशाही रवैये से तंग आकर प्राइवेट स्कूल संचालकों और स्थानीय ग्रामीणों ने लामबंद होकर हसीलदार को लिखित आवेदन सौंपा था। हालांकि, आवेदन देने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से न तो ठेकेदार/पंचायत पर कोई कार्रवाई की गई और न ही निर्माण कार्य में तेजी लाई गई।

यदि जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण पूर्ण कर आवागमन बहाल नहीं किया गया और पंचायत के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## एक नजर में

### मातृधाम में गुरुपूर्णिमा पर 29 जुलाई को गुरु पूजन



**सिवनी।** आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 बुधवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर परमाराध्य सनातन धर्म के उन्नायक धर्मसम्राट अनंतश्री विभूषित ज्योतिष् एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के श्रीचरण पादुकाओं का पूजन गुरुसपर्या पद्धति अनुसार मातृधाम में किया जावेगा 7 इस अवसर पर श्री गुरुदेव भगवान का पूजन, अर्चन एवं पावन स्मरण किया जावेगा7 उक्त जानकारी धर्मवीर अजित तिवारी ने देते हुये सभी गुरुभक्तों- सनातनधर्मियो से गुरुपूर्णिमा के अवसर पर प्रातः 11 बजे श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर मातृधाम पहुंचकर गुरु पूजन में सम्मिलित हो पुण्य लाभ अर्जित करें।



### नगर की राशन दुकानों में आया सड़ा हुआ अनाज

**सिवनी।** नगर की राशन दुकानों मे आमजनता ने गेहूं लेने से मना कर दिया ह सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग कि लापरवाही और वेयरहाउस कि मनमानी के चलते अब राशन दुकान के संचालको भारी परेशानी का सामान करना पड़ रहा है एक तरफ अधिकारीयो का फरमान कि समय पर राशन वितरण करे तो एक तरह आमजनता कि झिकझिक कहीं राशन दुकानों मे गल्ला कम आ रहा तो कहीं खराब चावल और गेहूं भेजा जा रहा है इसबार जो राशन दुकानों मे गेहूं आया है उसको आम जनता ने लेने से मना कर दिया है क्योंकि गेहूँ इतना खराब आया है कि उसमे पत्थर कंकर चावल और मिट्टी मिली हुई साफ दिख रहा है तो वही चावल भी बहुत खराब नजर आ रहा है जिससे अब बदबू भी आने लगी है । राशन दुकानों जो अनाज वेयर हाउस से आ रहा है वो अब खाने लायक नहीं बचा है क्योंकि वेयर हाउस के कर्मचारी राशन दुकान मे जो गल्ला भर के पहुंचा रहे वो बहुत खराब और सड़ा हुआ आ रहा है वहीं भरे हुए बोरो से भी अनाज चोरी हो जाता है मगर इस और कोई अधिकारी का ध्यान नहीं जाता है।

# कुपोषण के खिलाफ चलाया अभियान, शिक्षकों ने बच्चों की शंका का समाधान किया




**सिवनी नवभारत।** देश विकास के मार्ग में अग्रसर है इसके बावजूद भी ग्रामीण अंचलों में अनेक जाति के लोग कुपोषण के शिकार हैं माना जाता है कि अगर व्यक्ति कुपोषण का शिकार होता है तो उसका व्यक्तित्व विकास होना संभव नहीं है इसी बात को ध्यान में रखते हुए शासन ने महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत अनेक योजनाएं चालू की है जिसके माध्यम से हम ऐसे परिवार को शासन की योजना का लाभ दिलाते हुए उन्हें कुपोषण से मुक्त कर सकते हैं इसके लिए शासन ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी संस्था प्रारंभ की है जो कुपोषित बच्चों को पोषण आहार देकर उन्हें इस रोग से मुक्त करने का प्रयास करती है जिसको लेकर पूरे देश में अभियान चल रहा है बच्चों में कुपोषण के प्रति जन चेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए अभियान को शालेय स्तर पर प्रारंभ करते हुए शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी शाला सिवनी की प्राचार्य राजेश्वरी धुर्वे ने व्यक्त किये। इस अवसर पर शाला की शिक्षक यदुराज उईके ने कहा कि यह अभियान शासन द्वारा जनहित में जारी किया गया है जिसमें समय-समय पर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार का वितरण किया जाता है साथ ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया जाता है जिसके लिए आंगनबाड़ी जैसी संस्था महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं आयोजन के दौरान श्रीमती अंजना राय फरजाना खान नोडल अधिकारी फरजानापोषण आहार को लेकर प्रश्न किया जिसका यादुराज हुई के द्वारासमुचित जवाब दिया गया।

# जिला कांग्रेस की बैठक 28 को

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार, जिला संगठन की मासिक कार्ययोजना तैयार किए जाने के संबंध में जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित किया जाना सुनिश्चित है इसी तारतम्य में जिला प्रभारी परासिया विधायक सोहन वाल्मीक के निर्देशानुसार, जिला समन्वय समिति की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में दिनांक 28 जुलाई मंगलवार को 11 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में आहूत की गई है। बैठक में जिला समन्वय समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी आमंत्रित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मंशानुरूप कांग्रेस संगठन में रचनात्मक गतिविधियों के कुशल संचालन की दिशा में कांग्रेस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किये जाने की मंशा को साकार रूप देने जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा आगामी 7 एवं 8 अगस्त 2026 को आयोजित किये जा रहें प्रशिक्षण शिविर की तैयारी हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष/सिवनी, बरघाट, केवलारी, छपारा एवं लखनादौन नगर कांग्रेस अध्यक्ष तथा प्रशिक्षण शिविर की तैयारी हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारियों की एक आवश्यक बैठक इसी दिन 2 बजे रखी गई है।

### सीएमएचओ डॉ. पंकज दुबे ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया निरीक्षण

**सिवनी।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा, पलारी एवं कहानी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, दवा उपलब्धता, प्रयोगशाला, साफ-सफाई तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाए।



# अमृत हरित महाअभियान के तहत किया जा रहा पौधरोपण

**छपारा नवभारत।** पूरे प्रदेश में चलाये जा रहे अमृत हरित महाअभियान के तहत नगर परिषद छपारा द्वारा भी लगभग 13 हजार पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें अभी तक लगभग 10 हजार पौधे परिषद लगा चुकी हैं , जिसके अंतर्गत नगर परिषद के डम्प यार्ड परिसर,नगर के संदीपनी स्कूल, कन्या स्कूल, फिल्टर प्लांट, मोक्षधाम, संजीवनी क्लिनिक, सहित छपारा कला मोक्षधाम, इंटक वैल, तीन्सा ग्राम के तालाब के आसपास, एवं नगर परिषद के सभी 15 वार्डों में रोपे गए है, पूरा नगर हरा भरा हो, शुद्ध हवा मिलती रहे इसको लेकर नगर परिषद कि सीएमओ गीता बाल्मीकि, नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, सभापति , पार्षद सहित परिषद के कर्मचारी कि उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया, नगर परिषद कि सीएमओ गीता बाल्मीकि ने नगर के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि अपने अपने घर के सामने,गार्डन और सार्वजनिक स्थानों में वृक्षारोपण करके, उसको पालने की जिम्मेदारी भी ले।

# जिला यादव महासभा की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**सिवनी।** भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने के उद्देश्य से जिला यादव महासभा, सिवनी की महत्वपूर्ण बैठक पवनपुत्र व्यायामशाला परिसर, बरघाट नाका में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 4 से 6 सितंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में जिला स्तरीय शोभायात्रा को भव्य, आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में सिवनी जिले के साथ-साथ छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला एवं जबलपुर जिले के सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

इस वर्ष शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण मथुरा एवं सागर से आने वाले कलाकारों की धार्मिक प्रस्तुतियां तथा पारंपरिक अहीरी नृत्य रहेगा। सर्वसम्मति से भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा निर्माण का कार्य सूरज यादव, बरघाट नाका को तथा टेंट एवं डीजे व्यवस्था का कार्य आनंद टेंट हाउस, डुंडा सिवनी को सौंपा गया।

**गठित समितियां एवं नियुक्त प्रभारी**

वाहन रैली प्रभारी -4 सितंबर अनिल यादव इंदिरा नगर, एडवोकेट अमित राजा यादव, संजय यादव न्याय विभाग, अंशुल यादव डुंडा सिवनी, राजकुमार यादव खामखरेली एवं राजेंद्र बंटी यादव।

प्रतिमा स्थापना प्रभारी रमन यादव (बाबू भैया), के.के. यादव, महेश यादव एवं लक्ष्मण यादव।

कार्यक्रम प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रमोद यादव कटंगी रोड, दीपक यादव (मां बुक डिपो), लुनेस यादव (टाइम्स कम्प्यूटर, भैरोगंज) एवं एडवोकेट प्रतीक यादव को बनाया है। महाआरती प्रभारी नत्थूलाल यादव सेवानिवृत्त आर.आई., एडवोकेट अखिलेश यादव एवं जे.पी. यादव डुंडा सिवनी बने है।

वहीं हवन-पूजन प्रभारी 6 सितंबर 2026- दीपक यादव (मां बुक डिपो) एवं राजेंद्र यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशाल शोभायात्रा प्रभारी 6 सितंबर - अरुण यादव पूर्व सरपंच बिंझावाड़ा, मुन्ना भैया पलारी, जगत यादव नरेला एवं नंदू यादव भैरोगंज, भोजन व्यवस्था प्रभारी, अनिल यादव खन्ना नंदू यादव बिंझावाड़ा होंगे।

इसी तरह स्वागत समिति प्रभारी एडवोकेट निर्मल यादव, विनोद यादव पूर्व जिला अध्यक्ष, उमेश यादव, मुकेश यादव, रंजीत यादव एवं कमल यादव।

बैठक में जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, संरक्षक रमन यादव (बाबू भैया), विनोद यादव एवं एडवोकेट निर्मल यादव, नत्थूलाल यादव, के.के. यादव, महेश यादव, जे.पी. यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र टेलर यादव, कार्यक्रम प्रभारी दीपक यादव, कमलचंद यादव, लक्ष्मण यादव, दीपक यादव (मां बुक डिपो), अनिल यादव खन्ना, अनिल यादव इंदिरा नगर, मुकेश यादव, सुनील यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव, पूर्व उपाध्यक्ष अरुण यादव, रामचरण यादव, प्रमोद यादव, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर महोत्सव को अनुशासित, भव्य एवं सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

# युद्ध स्मारक शौर्य चौक पर शहीदों को किया याद



**सिवनी नवभारत।** कारगिल विजय दिवस पर शौर्य चौक- टी 55 युद्ध स्मारक पर शहीद को शहादत को याद किया गया। इस अवसर नशे से दूरी हैं जरूरी अभियान अंतर्गत संवाद व संकल्प को गणमान्य नागरिक जनों ने दोहराया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा शौर्य कलश पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई व सभी को संबोधित किया व नशे से दूरी हैं जरूरी 2.0 अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम और मातृशक्ति संगठन की संचालिका श्रीमती सीमा चौहान और पूरी टीम व एनसीसी कैडेट्स, सृजन पुलिस पाठशाला के किशोरों, पुलिस अधिकारियों, स्टॉफ की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक श्री ओमेश्वर ठाकरे द्वारा किया गया।

# जन समस्या निवारण संस्थान ने कारगिल विजय दिवस मनाया, दी श्रद्धांजलि




**सिवनी नवभारत।** कारगिल विजय दिवस हमें हमारे वीर बलिदानियों की निष्ठा और समर्पण को याद करने का दिन है। जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा इस दिन को प्रति वर्ष पूरी निष्ठा के साथ मनाया जाता है ताकि हम भी अपनी सेनाओं का कुछ कर्ज अदा कर सकें। आज संस्थान ने दुर्गा मंदिर परिसर पर पूजन अर्चन कर देश भक्ति के गीतों को पूरे उत्साह के साथ गाते हुए फौज़ी भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना की..

तत्पश्चात कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणोंत्कर्ष करने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर संस्थान की जिला अध्यक्ष पार्वती डहेरिया जिला उपाध्यक्ष अमृता बेदी नगर उपाध्यक्ष एड शालिनी डहेरिया जिला सदस्य कंचन भलावी, लक्ष्मी बघेल,नीतू रजक, वर्षा विशेन,लक्ष्मी गहलोद ,प्रेमलता बेन्द्रे, अनिता रजक,स्मिता श्रीवास्तव, राजनीता बघेल,पूनम प्रजापति, जयश्री पांडे ,निर्मला कुशवाहा,कामिनी चन्द्रा, रुक्मणि यादव,सुमित्रा यादव, अनुराधा पन्द्रे,रितिका यादव,जयंती सराठे, अनुसुइया कुशवाहा ओमबती शशि बघेल, कमला बाई विशेन, राधा विशेन ,ममता, शांति यादव,सोनू सराठे,पारुल रजक उपस्थित रहे।

## आयोजन

**विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन**

# छपारा महाविद्यालय में दो दिवसीय कारगिल विजय दिवस का आयोजन



**छपारा नवभारत।** रविवार 26 जुलाई को नगर के शासकीय महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 25 एवं 26 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ज्ञात हो कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति,राष्ट्रीय एकता,अनुशासन एवं देश के वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। विदित हो कि महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश डेहरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रथम दिवस 25 जुलाई को सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी उत्कर्ष दूबे के संयोजन में विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज), निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में सुश्री आयुषी, निबंध लेखन प्रतियोगिता में अनुभव तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीक्षा एवं मोहिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 26 जुलाई को राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक नमन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में प्राचार्य राजेश डेहरिया ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग, पराक्रम एवं राष्ट्रनिष्ठा का अमर प्रतीक है। हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया।

**इनकी रही उपस्थिति**

दो दिवसीय कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सहायक प्राध्यापक उत्कर्ष दूबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक अमिताभ शर्मा,शेषराव नावंगे,डॉ. ललित माहोरे, मुकेश भांगरे, ग्रंथपाल शैलेश वर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं देश के अमर शहीदों के आदर्शों पर चलने के सामूहिक संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय की छात्रा सुश्री आयुषी ने भी अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कारगिल के वीर सैनिकों के अद्वितीय शौर्य एवं बलिदान का स्मरण करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया।

# शिक्षकों को शीघ्र प्रदान किया जाएगा चतुर्थ समयमान वेतनमान : शिक्षक संघ



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी का प्रतिनिधि मंडल कल जिला शिक्षा अधिकारी श्री अविनाश दीक्षित जी से मिला जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार 1 जुलाई 2023 को 35 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है

इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संकुल प्राचार्य के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर ली गई है किंतु आज दिनांक तक शिक्षकों को वेतनमान प्रदान नहीं किया गया है जिस पर नवागत जिला शिक्षा अधिकारी श्री दीक्षित द्वारा संगठन कोअवगत कराया गया की शासन द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया बीच में आ जाने के कारण इस कार्य में थोड़ा विलंब हो रहा है शीघ्र ही या कार्यवाही पूर्ण कराकर शिक्षकों को वेतनमान प्रदान किए जाएंगे साथ ही संगठन द्वारा जिला परामर्शदात्री की बैठक जो विगत वर्षों से कार्यालय में आयोजित नहीं की गई है उससे भी आयोजित करने के लिए संगठन द्वारा मांग की गई इन दोनों मांगों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन प्रदान किया गया कि शीघ्र शिक्षकों की इन मांगों पर विचार किया जाएगा साथ ही विकासखंड स्तर पर भी परामर्श दात्री का आयोजन कराया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख विजय शुक्ला जिला संगठन मंत्री श्री अनिल शर्मा जिला अध्यक्ष श्री अविनाश पाठक जिला सचिव श्री संतोष सूर्यवंशी एवं जिला कोषाध्यक्ष श्री कन्हैया लाल पतले उपस्थित रहे प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के संतोष जनक आश्वासन पर प्रसन्नतजह की तथा समय-समय पर संगठन को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा भी अपनी सहमति प्रदान की गई।